Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Opening up of a Sub-Regional Office of Provident Fund Organisation in Bhilwara.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के उपक्षेत्रीय कार्यालय की अत्यंत आवश्यकता है । अभी भीलवाड़ा उदयपुर से जुड़ा हुआ है । उदयपुर से भीलवाड़ा की दूरी 170 किलोमीटर है । भीलवाड़ा में कुल 1818 औद्योगिक इकाइयां हैं तथा 1136 इकाइयां सुचारू रूप से प्रोविडेंट फंड जमा करवा रही हैं । इसमें लगभग 1 लाख 32 हज़ार 227 सदस्य अंशदाता हैं । माननीय मंत्री जी द्वारा अवगत कराया गया कि डेढ़ लाख से अधिक अंशदायी हो तो उपक्षेत्रीय कार्यालय खोलने पर विचार किया जा सकता है । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान अवगत कराना चाहता हूँ कि भीलवाड़ा के नज़दीक 50 किलोमीटर की दूरी पर चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय है । वहां लगभग 40 हज़ार अंशदायी हैं, उनको भी उदयपुर जाना पड़ता है, जो कि चित्तौड़गढ़ से सौ किलोमीटर दूर है ।

इसलिए चित्तौड़गढ़ जिले के अंशदायी सदस्यों को भीलवाड़ा जिले में मिला लिया जाए तो अंशदाताओं की संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो जाएगी । इससे भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का उपक्षेत्रीय कार्यालय खोलने की राह आसान हो जाएगी एवं इससे हजारों श्रमिकों, कर्मचारियों तथा नियोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी । वर्षों से भीलवाड़ा की यह प्रमुख मांग रही है ।

माननीय सभापति : श्री प्रद्युत बोरदोलोई – उपस्थित नहीं ।